प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.02.2025 समय : 18.30 पीएम

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा –भारत ए आई के क्षेत्र में मजबूत पहचान बना रहा है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विद्यार्थियों से डिग्री को उपलब्धि के साथ ही जिम्मेदारी मानने का आह्वान किया–जोधपुर के एन एल यू में दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।
- प्रधानमंत्री कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे–राज्यस्तरीय आयोजन जयपुर के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में होगा।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में पाकिस्तान ने भारत के सामने जीत के लिए 242 रन का लक्ष्य रखा।

**000000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए आई के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा। श्री मोदी ने कहा कि इसरो की सफलताओं का दायरा व्यापक है।

......

श्री मोदी ने इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के परिप्रेक्ष्य में श्रोताओं को अपना एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि श्रोता किसी अनुसंधान प्रयोगशाला, तारामंडल या फिर अंतरिक्ष केंद्र जैसी जगह पर जा सकते हैं। श्री मोदी ने महिलाओं के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि देश की मातृशक्ति ने स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के निर्माण सहित सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

.....

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वे एक्स और इंस्टाग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट, एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे, जिन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं, या अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि महिलाएं प्रधानमंत्री के एक्स और इंस्टांग्राम अकाउंट से पूरी दुनिया तक अपनी बात पहुंचाने के अवसर का लाभ उठा सकती हैं। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के रोमांच की भी चर्चा की, जहां 11 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली सेना की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे बहुत से खिलाड़ी खेलो इंडिया अभियान की देन हैं। मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने देश की वनस्पति और जीव–जंतुओं के संरक्षण से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए देश के जनजातीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण से जुडे लोगों के प्रयासों के कारण पिछले कुछ सालों में बाघो, तेंदुओं, एशियाई शेरों, गैंडों और बारहसिंघों की आबादी तेजी से बढी है। अगले महीने के शुरू में विश्व वन्य जीव दिवस का आयोजन होना है। प्रधानमंत्री ने सभी से वन्य जीव संरक्षण से जुडे लोगों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे परीक्षा योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बिना तनाव लिए सकारात्मक भावना के साथ अपनी परीक्षाएं दें।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि विद्यार्थी अपनी डिग्री को उपलब्धि के साथ ही जिम्मेदारी भी माने। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन के सूत्र सीखने–समझने के लिए संवेदनशील बनना जरूरी है। वे जोधपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कानून के विद्यार्थियो को न्याय की रक्षा और प्रसार के लिए काम करने को कहा। उन्होंने वकीलों से कमजोर वर्गो के लिए काम करने का आह्वान किया।

......

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने तीन नये आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार राज्य में इनके क्रियान्वयन के लिए काम कर रही है। समारोह में मुख्यमंत्री ने 181 उपाधियों का वितरण किया, इनमें स्नातक की 118, स्नातकोत्तर की 45, एमबीए की 11 और शोधार्थियों की 9 डिग्रियां शामिल है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इसके माध्यम से देशभर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 21 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की सीधी वित्तीय सहायता मिलेगी। इधर राज्यस्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया जायेगा। ये समारोह दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में होगा। इसमें राज्य के 72 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 1400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि हस्तान्तरित की जायेगी। प्रदेश के सभी जिलों में भी समारोह आयोजित किये जायेंगे।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज झुंझुनूं के दौरे पर रहे। श्री बागडे ने कलक्ट्रेट में सरकारी योजनाओं की समीक्षा की और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पंहुचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद राज्यपाल ने भोमपुरा गांव में एक एनजीओ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 63 महिलाओं को लखपति दीदी बनने पर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री बागडे ने कहा कि महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से ही देश और राष्ट्र तरक्की कर सकेगा। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद रहे।

00000

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि राज्य का वर्तमान बजट आमजन का बजट है। वे आज भीलवाडा में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट समावेशी विकास और सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। श्री बैरवा ने कहा कि पिछले बजट के 80 प्रतिशत काम पूरे हो चुके है।

.....

इससे पहले श्री बैरवा ने कलेक्ट्रेट परिसर में बजट क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और लंबित कार्य जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर राजीविका से जुड़ी महिलाओं का हौसला भी बढ़ाया। गौरतलब है कि राज्य में पेश किये गये बजट के प्रचार प्रसार और घोषणाओं के समय पर क्रियान्वयन के उद्देश्य से सभी प्रभारी मंत्री अपने–अपने क्षेत्रों का दौरा कर रहे है। इसी कडी में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी अजमेर में प्रशासनिक अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक की।

00000

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने लोगों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। श्री मांडविया आज जयपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में प्रबुद्धजन संवाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में उन्होंने केंद्र सरकार के बजट की विशेषताओं को विस्तार से समझाया। सम्मेलन के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में बड़ा बदलाव आया है और एक नए भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की विरासत को सहेजने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

00000

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में पाकिस्तान ने भारत के सामने जीत के लिए **242** रन का लक्ष्य रखा है। आज भारत दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम दो गेंद शेष रहते 241 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से सबसे

अधिक 62 रन सउद शकील ने बनाये। भारतीय बॉलर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के तीन विकेट चटकाये। भारत का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाना है, जबकि पाकिस्तान को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जीतना जरूरी है।

00000

फाल्गुन माह की दस्तक के साथ ही प्रदेश में हर ओर फाग का रंग छा गया है। देवालयों सहित जगह–जगह फागोत्सव के आयोजन हो रहे है।

.....

00000

प्रयागराज महाकुंभ में आध्यात्मिक अनुभव के साथ–साथ स्वास्थ्य सेवा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसका एक मुख्य आकर्षण नेत्र कुंभ है, जो दृष्टि दोष से निपटने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। इस पहल के अंतर्गत मेला क्षेत्र के सेक्टर–6 में मुफ्त नेत्र जांच और चश्मे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महाकुंभ के त्रिवेणी संगम पर अब तक 60 करोड़ 74 लाख से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके है। महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को अंतिम और मुख्य स्नान होगा। बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए मेला प्रबंधन की ओर से सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है और लगातार निगरानी रखी जा रही है।

.....

00000